सार-समाचार

मतदान केन्द्रों के बीएलओ का प्रशिक्षण

छबड़ा (निसं)। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियो का विशेष गहन पुनरीक्षण आगामी समय में किया जाना है, इसके अंतर्गत बीएलओ और सुपरवाइजर का प्रशिक्षण कार्यक्रम अटल लैब पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (एसडीएम) रामसिंह गुर्जर ने बताया कि इस प्रशिक्षण में पूर्व के प्रशिक्षणों में जिन बीएलओ और सुपरवाइजर के 80 प्रतिशत या उससे कम अंक प्राप्त हुए थे उनका पुनः प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में संभागियों ने भाग लिया। जिन्हें पीपीटी के माध्यम से बीएलओ के संबंधित संवैधानिक प्रावधान, एसआईआर की जानकारी गणना प्रपत्र को ऑनलाइन ऑफलाइन भरकर अपलोड करना, हाउस टू हाउस सर्वे की पुनः विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में हीरालाल वर्मा निर्वाचन समन्वयक जिला निर्वाचन कार्यालय बारां ने भी सभी बीएलओ से पुनरीक्षण कार्य के दौरान पूरी निष्ठा और सजगता के साथ कार्य करने की बात कही और बीएलओ को एसआईआर के संबंध में समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव दिए। यहां धनुष देव बैरागी, पंकज गालव, चंपालाल मीणा, प्रकाश गुर्जर, शिवराज गालव ने मास्टर ट्रेनर का कार्य किया। उन्होंने बताया कि जिन मतदान केंद्रो में 1200 से अधिक मतदाता है। उनमें नवनियुक्त बीएलओ एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण आज आयोजित किया जाएगा।

बाल विवाह मुक्त राजस्थान पर कार्यशाला

कोटा, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मंगलवार को बाल अधिकारिता विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, स्काउट गाईड, चाईल्ड हेल्पलाईन, सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में ओम कोठारी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। टोल फ्री नंबर 1098 पर दें बाल विवाह की जानकारी-बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक रामराज मीना ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी और कहा कि बाल विवाह की सूचना कंट्रोल रूम एवं चाईल्ड हेल्पलाईन के सकते हैं। उन्होंने बताया कि बाल विवाह रोकथाम में हम सभी की भागीदारी करना आवश्यक है, संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए किस प्रकार हमारी भागीदारी रहेगी आदि की प्रक्रिया विस्तार से बताई। कार्यशाला में ओम कोठारी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के निदेशक ओम कोठारी, डॉ अमित सिंह, चेयरपर्सन राज्य उपभोक्ता परामर्श केन्द्र, पंकज शर्मा, स्काउट गाईड के यज्ञदत्त हाड़ा, संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा, प्राचार्य स्नेहलता शर्मा, एनएसएस प्रभारी प्रीतम गुप्ता, सृष्टि सेवा समिति के जिला समन्वयक भूपेंद्र सिंह, चाईल्ड हेल्पलाईन के जिला समन्वयक नरेश मीणा, वन नोबल स्टेप ग्रुप के निदेशक मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

घर में घुसकर मारपीट, मामले की जांच शुरू

छबड़ा (निसं)। दो दिन पूर्व महावीर नगर में दो दर्जन से अधिक लोगो ने घर मे घुसकर मारपीट की। इस घटना में एक महिला की उंगली में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महावीर नगर निवासी सुनीता पांचाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि रविवार रात्रि नो बजे पड़ोस में रहने वाले गिर्राज, नीरज, विजय, छोटा भाया, बड़ा भाया जातिगण प्रजापत सहित 20-25 अन्य लोग आए और आते ही गाली गलौच करते हुए लट्ठ, सरिए से मेरे व मेरे पति सुरेश व बच्चो के साथ मारपीट की। इन लोगो ने मेरे साथ अभद्रता की। यहां मेरा मंगलसूत्र भी टूट कर गिर गया, जो नही मिला। नीरज, गिर्राज, विजय ने मेरे बाए हाथ पर लट्ठ से मारी, जिससे मेरे हाथ की छोटी उंगली भी टूट कर गिर गई। इस मामले में सीआई राजेश खटाना ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मामला किसी नशेडी से जुड़ा हुआ है। रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है।

थाने में ओपन जिम का उद्घाटन

छबड़ा (निसं)। एसपी अभिषेक अंडासु मंगलवार को छबड़ा दौरे पर रहे। यहां उन्होंने छबड़ा थाने में ओपन जिम का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने चांचौडा चौकी पहुंच कर पौधरोपण किया। इस दौरान विधायक प्रतापसिंह सिंघवी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार छबड़ा थाने में बनाई गई ओपन जिम का मंगलवार को उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता ज़िला पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंडासु ने की। वही मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रतापसिंह सिंघवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम रामसिंह गुर्जर, डीएसपी विकास चौधरी, भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी, थानाधिकारी राजेश खटाना, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सुमन, प्रधान हरिओम नागर व चांचौडा के प्रशासक श्रीलाल मीणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने चांचौडा चौकी पहुंच कर पौधरोपण किया।

रामदेवरा जाने वाले पदयात्रियों का स्वागत

बून्दी (निसं)। भाद्रपद माह शुरू होने के साथ ही बाबा रामदेव की दर्शनार्थ जाने वाले यात्रियों के रेले शुरू हो गए हैं। ऐसे में बून्दी शहर से होकर गुजरने वाले रामदेवरा जाने वाले तीर्थयात्रियों के सेवार्थ जगह जगह भंडारे और यात्रापड़ाव स्थल भी शुरू हो गए हैं। बून्दी टनल के आगे उमंग संस्था के यूथ विंग के सदस्य आतिश वर्मा एवं सूरज वर्मा के नेतृत्व में रामदेवरा तक जाने वाली पदयात्रा के सभी यात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभ्निनन्दन किया गया। इस दौरान संजय पहाड़िया ओर रवि पहाड़िया ने राकेश बडगुजर, रोहन चोहला, भगवान सिंह, श्योजी लाल कुशवाह, मन्ना बाई सहित यात्रा मे सम्मिलित सभी यात्रियों को बाबा की ध्वजा थमा कर रवाना किया और सभी यात्रियों को यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सोनू बुलीवाल, शुभम बुलीवाल, रघुवीर सामरिया सहित सभी साथी व्यवस्थाओं में सहयोग करते रहे।

सेवा सप्ताह का शुभारंभ

बून्दी (निसं)। जेएसजी सेवा सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिन जैन सोशल ग्रुप द्वारा खेल संकुल स्थित जेसीजी गुरु द्रोण वाटिका में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर योगेंद्र-एकता कासलीवाल, भूपेंद्र-अनीता कासलीवाल, अशोक-पूजा छाबड़ा और मनीष-राखी अजमेरा द्वारा पौधारोपण की व्यवस्था की गई। ग्रुप के अध्यक्ष योगेश-निधि गंगवाल ने मुख्य अतिथि खेल अधिकारी हर्षवर्धन चूडावत का तिलक माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी दंपतियों ने एक-एक पौधा लगाया और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अरुण-अंजना नौसंदा, सुनील-एकता पापड़ीवाल, डॉ. मोहित जैन एवं जेएसजी के अन्य दंपति सदस्य मौजूद रहे। अंत में सचिव दीक्षिता-रॉबिन कासलीवाल ने सभी प्रोजेक्ट डायरेक्टर का सम्मान किया एवं धन्यवाद दिया।

शोभायात्रा की तैयारियों की समीक्षा

कोटा, (निसं)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि प्रतिवर्ष निकलने वाली अनंत चतुर्दशी की शोभायात्रा प्रदेश में ही नहीं देश में प्रसिद्ध है। इस शोभयात्रा के भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं विभिन्न विभागों द्वारा समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि ईकोफ्रेंडली मेटेरियल उपयोग कर तैयार मूर्तियों का ही विसर्जन किया जाए ताकि नदी एवं तालाब का पानी प्रदूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने अनंत चतुर्दशी पर्व का आयोजन सौहार्द एवं भाईचारे के साथ करने की अपील की।

करंट से किसान की मौत

छबड़ा (निसं)। खेत पर कृषि कार्य करते समय विद्युत करंट की चपेट में आने से एक किसान की मृत्यु हो गई। जानकारी अनुसार बरबटखेड़ी निवासी मुरारीलाल मीणा (60) पुत्र बंशीलाल खेत पर कृषि कार्य कर रहा था कि अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

शोक संतृप्त परिजनों को ढांढ़स बंधाया

छबड़ा (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने मंगलवार बिशनखेडा चेना पहुंच यहां भंवरसिंह गुर्जर के पिता के निधन एवं कोलुखेड़ी में रामप्रताप मीणा की माता के निधन पर शोक व्यक्त कर परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान प्रधान हरिओम नागर, पूर्व सरपंच शिवचरण नागर, बनवारी मेहता, पूर्व पार्षद रितेश शर्मा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

दो मंजिला मकान गिरा

छबड़ा (निसं)। खांकरा गांव में दो मंजिला मकान भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही है हादसे में कोई जनहानि नही हुई। मकान गिरने से परिवार के सामने परेशानी खडी हो गई है। सतीश मालव ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

सेहत और प्रकृति के सान्निध्य का संकल्प लेकर डॉ. सुरेश पाण्डेय का जन्मदिन मनाया

कोटा, (निसं)। सुवि आई हॉस्पिटल के निदेशक, प्रख्यात नेत्र शल्य चिकित्सक, लेखक और प्रेरक वक्ता डॉ.सुरेश कुमार पाण्डेय का 57वां जन्मदिवस एक अनूठे और प्रेरणादायक रूप में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर पारंपरिक जन्मदिन समारोह की जगह एक स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल आयोजन किया गया, जिसमें स्वाद और सेहत के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश प्रमुख रहा।

जन्मदिवस कार्यक्रम में केक, पेस्ट्री और मिठाईयों की जगह ताजे और रसीले मौसमी फल, रंग-बिरंगी सब्जियाँ, पौष्टिक सलाद, प्रोबायोटिक्स, शहद, मेवे और स्वास्थ्यवर्धक पेय परोसे गए। यह केवल एक उत्सव नहीं बल्कि 'स्वास्थ्य ही वास्तविक धन है' का सजीव उदाहरण था। समारोह के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। रासायनिक और प्रदूषण फैलाने वाले प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के स्थान पर मिट्टी के गणेश जी की स्थापना का भी संकल्प लिया गया, जिससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को रोका जा सकें।

इस अवसर पर यह भी तय किया गया कि प्रत्येक सहभागी अपने घर में किचन गार्डन विकसित कर सब्जियाँ उगाने की पहल करेगा, ताकि रसायन-मुक्त ताजा भोजन और हरियाली को बढ़ावा दिया जा सकें। इस प्रेरणादायक आयोजन के सूत्रधार थे साइंटिफिक होलिस्टिक केयर एंड वेलनेस मोटिवेटर डॉ.संजय सोनी जिन्होंने संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम में नेत्र चिकित्सक डॉ.एस.के.गुप्ता, रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुरभि मीना, नेत्र विशेषज्ञ डॉ.डिम्पल, नेत्र विशेषज्ञ डॉ.हर्षिल और सुवि आई हॉस्पिटल की पूरी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। डॉ.सुरेश कुमार पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि जन्मदिन केवल व्यक्तिगत खुशी का अवसर नहीं बल्कि समाज और पर्यावरण के लिए सकारात्मक संदेश देने का भी एक अवसर है। स्वस्थ भोजन, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण को अपनाकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी ने पौधारोपण किया और यह संकल्प दोहराया कि आने वाले वर्ष में प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएगा और उसकी देखभाल करेगा। यह जन्मदिन समारोह न केवल यादगार रहा बल्कि उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में स्वास्थ्य, प्रकृति और सकारात्मक सोच के नए बीज भी बो गया।

कोटा में डॉ. सुरेश पाण्डेय का जन्मदिन मनाया गया।

एक साल की बालिका ने निगली जेली वॉटर बॉल

कोटा, (निसं)। कोटा निवासी एक वर्षीय बालिका को गंभीर स्थिति में शिशु शल्य चिकित्सक डॉ. समीर मेहता को दिखाया गया। बालिका लगातार उल्टी कर रही थी व सुस्त हो रही थी। उसका मल निकास भी बंद हो गया था। डॉ.समीर ने एक्सरे व सोनोग्राफी में पाया की बालिका की छोटी आंत में रुकावट है। परिवारजनों को डॉ. मेहता द्वारा तुरंत ऑपरेशन की सलाह दी और वह बालिका की बिगड़ती हालत देख तैयार हो गए। उसका ऑपरेशन के दौरान छोटी आंत में बॉल की आकृति की कोई वस्तु फंसी पाई गई जिसके कारण आंतो में रुकावट हो रही थी। परिवारजनों ने बताया की बालिका ने जेली वाली वॉटर बॉल निगल ली थी। बॉल पानी में फूल जाती है जिसके कारण आंत को ब्लॉक कर दिया। डॉ. समीर ने आंत काट कर उसको बाहर निकाला व आंत को वापस रिपेयर किया। ऑपरेशन में निश्चेतना का जटिल कार्य डॉ.जे.पी.गुप्ता ने किया। बालिका अब सकुशल है व दूध पीना शुरू कर दिया है। डॉ. समीर ने बताया कि इस तरह का मामला उन्होंने पहली बार देखा व समय रहते ईलाज से बालिका की जान बच गई। बच्चों को इस तरह की वस्तु से दूर रखना चाहिए व खेलने के लिए पॉलिमर जेली बॉल नहीं देनी चाहिए।

सिंधी समाज की महिलाओं ने टीजड़ी उत्सव मनाया

कोटा में सिंधी समाज की महिलाओं ने टीजड़ी उत्सव की पूजा अर्चना की है।

कोटा, (निसं)। कोटा के बोरखेड़ा इलाके के आस्था नगर में स्थित अम्माँ लीला मां के दरबार स्टेशन सिन्धी धर्मशाला व दादाबाड़ी शिव पार्क मंदिर में टीजड़ी का उत्सव गीत संगीत और पूजा-अर्चना के साथ सिन्धी संस्कृति की परम्पराओं के अनुरूप सम्पन्न हुआ।

अम्माँ लीला मां दरबार के गददीनशीन बाबा साईं सुरेश लाल स्वामी ने बताया कि बोरखेड़ा पंचायत के अध्यक्ष नरेश लखानी, महामंत्री राकेश पुरसवांनी और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी दरबार मे रही जहां अम्मां लक्ष्मी ने तिलक लगाकर सबका स्वागत किया। इसी प्रकार दादाबाड़ी शिव पार्क मंदिर और स्टेशन स्थित सिन्धी धर्मशाला में भी यह उत्सव मनाया गया, जहां बड़ी संख्या में सिन्धी परिवार की महिलाएं उपस्थित थी।

वीरेंद्र मालव ने 9वीं बार एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। अपना ब्लड सेंटर के टेक्नीशियन वीरेंद्र मालव ने कई बार एसडीपी डोनेट कर मानवता का परिचय दिया है। एक बार फिर उन्होंने एसडीपी डोनेट कर 14 वर्षीय बालिका प्रतिज्ञा को ए पॉजिटिव एसडीपी उपलब्ध कराई है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि शिवपुरी से 14 वर्षीय बालिका को गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, देर रात को उसे ए पॉजिटिव एसडीपी चढ़ाई जानी थी, परिजन देर रात 12 बजे अपना ब्लड सेंटर पर पहुंचे। वे काफी परेशान हो रहे थे, ऐसे में वहां मौजूद टेक्नीशियन वीरेंद्र मालव दूसरे टेक्नीशियन को लेकर आए और एसडीपी डोनेट की। उन्होंने 9वी बार एसडीपी डोनेट की है, जबकि वह दो बार पहले ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। एसडीपी देर रात 2 बजे पूर्ण हुई। वीरेंद्र मालव का कहना है कि हम दूसरों से एसडीपी की अपेक्षा करते हैं, हमें स्वयं भी मानवीय मूल्यों का महत्व समझना होगा। किसी के जीवन को बचाने से बड़ा काम दूसरा नहीं हो सकता, इसीलिए सभी को आगे आकर एसडीपी और रक्तदान कर लोगों की मदद करनी चाहिए। इमरजेंसी में मरीज की व्यवस्था करने का कर्म को धर्म समझकर किए गए सेवाकार्य के लिए लायंस क्लब कोटा टेक्नो अध्यक्ष डॉ.क्षिप्रा गुप्ता व सचिव सिद्धार्थ गुप्ता ने उनको सम्मानित करने का निर्णय लिया हैं।

गलत के खिलाफ मैं बोलता हूं और बोलता रहूंगा : पूर्व मंत्री भरत सिंह

■ कुंदनपुर की तत्कालीन सरपंच धर्मपत्नी के विरुद्ध मुकदमे के निर्देश पर बोले पूर्व मंत्री भरत सिंह

कोटा, (निसं)। ग्राम पंचायत कुंदनपुर की तत्कालीन सरपंच मीना कंवर और ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ पद के दुरुपयोग व अनियमितता किए जाने का मामला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज कराने के निर्देश जारी हुए हैं। सांगोद के उपप्रधान ओम नागर अड़ूसा ने मामले को लेकर राज्य सरकार को शिकायत की थी। जिसकी जांच के उपरांत अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उपसचिव इंद्रजीत सिंह की ओर से एसीबी को मामला भेजने के निर्देश कोटा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को दिए हैं।

कोटा जिला परिषद के सीईओ राजपाल सिंह ने बताया कि ऐसे निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसको लेकर बीडिओ को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इस मामले की जानकारी भाजपा के नेताओं ने पत्रकार वार्ता कर पत्रकारों को दी है। माना जा रहा है कि तत्कालीन सरपंच मीना कंवर पूर्व मंत्री भरत सिंह की धर्मपत्नी है इस कारण से भाजपा नेता ज्यादा आक्रामक हैं। भाजपा नेताओं ने पूर्व मंत्री भरत सिंह पर मनमानी करने और ताकत का गलत उपयोग करने के भी आरोप लगाए हैं।

इन नेताओं का कहना है कि पूर्व मंत्री खुद को ईमानदार बताने में लगे रहते हैं तो यह ईमानदारी उन्हें सबके लिए रखनी चाहिए थी। मामले को लेकर पूर्व मंत्री भरत सिंह ने कहा कि उनके व्यक्तित्व को लेकर पूरा राजस्थान वाकिफ है। प्रशासन और कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग आरोप लगा रहे हैं उनके बारे में भी सब लोग जानते हैं। ऐसे लोगों के आरोपों पर मैं कुछ भी कहना उचित नहीं समझता। उन्होंने कहा कि गलत होने पर मैं अपनी पार्टी के खिलाफ भी बोलता हूं। गलत के खिलाफ मैं बोलता हूं और बोलता रहूंगा। सांगोद प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं तथा उप प्रधान ओम नागर अड़ूसा ने मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए मामले की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत कुंदनपुर, पंचायत समिति सांगोद के ग्राम अड़ूसा में विवादित भूमि खसरा नंबर 317 की 0.07 हेक्टर आराजी पर विधायक कोष से की गई स्वीकृति, चारागाह भूमि पर पट्टे जारी करने एवं ग्राम पंचायत सरपंच के विगत 10 वर्ष के कार्यकाल की जांच के बाद ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने तत्कालीन सरपंच के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में मामला दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

सांगोद प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं तथा उप प्रधान ओम नागर अड़ूसा ने बताया कि ग्राम पंचायत कुंदनपुर की सरपंच मीना कंवर के द्वारा ग्राम किशनपुरा में चारागाह भूमि को आबादी में परिवर्तित कराकर वर्ष 2021 में बेशकीमती भूमि पर एक ही परिवार के 3 सदस्यों समेत 4 जनों को 100 रुपए की दर से पट्टे जारी कर दिए गए। जबकि उक्त पट्टे डीएलसी दर पर जारी किए जाने चाहिए थे। ऐसे में, ग्राम पंचायत द्वारा राज्य सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाई गई। जिन व्यक्तियों को पट्टे जारी किए गए उन्होंने दिए गए पट्टे से अधिक भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ है। इस भूमि पर लक्ष्मण राजपूत, ईश्वर राजपूत, अर्जुन राजपूत और दिनेश धाकड़ के नाम पट्टे जारी किए हुए हैं। किशनपुरा से लगभग 1 किलोमीटर दूर मंडाप, कुंदनपुर, घाटोलिया और किशनपुरा के चौराहे पर स्थित इन भूखंडों पर पट्टाधारियों ने मकान और दुकानें बना ली हैं। जो पूर्व में नहीं थे। जांच के बाद विभाग द्वारा पट्टों को निरस्त करने की अनुशंसा की गई है।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत कुंदनपुर के ग्राम अड़ूसा में खसरा नंबर 317 की 0.07 हेक्टर आराजी पर विधायक कोष से गलत स्वीकृति से विवादित भूमि पर ही निर्माण कर दिया गया। इसकी जांच में ग्राम पंचायत स्पष्ट रूप से दोषी पाई गई है। इसके अलावा ग्राम कुंदनपुर में ही सांगोद पलायथा मेन रोड़ पर नर्सरी भवन सूरज चौक का निर्माण कराया गया हैं। जबकि जांच में नर्सरी भवन का निर्माण कार्य आबादी भूमि के साथ-साथ निजी खातेदारी भूमि पर भी होना पाया गया है।

ग्राम पंचायत के द्वारा पुरानी नर्सरी परिसर की चारदीवारी एवं एक कमरा 35-40 वर्ष पुराना निर्मित होना बताया गया है। यहां पर नर्सरी को खुर्द-बुर्द कर सामुदायिक उपयोग में ले लिया गया है। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल तथा सुलतानपुर प्रधान कृष्णा शर्मा भी मौजूद रहे।

सार-समाचार

'वोटर वेरिफिकेशन से भयभीत है कांग्रेस'

कोटा, (निसं)। वोटर वेरिफिकेशन को लेकर कांग्रेस जनता को भ्रमित कर रही है, उन्हें लग रहा है कि हम बिहार में चुनाव हार रहे हैं, कांग्रेस हार के डर से भयभीत हैं, इसलिए भारत की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, लेकिन आमजन कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से भलीभांति परिचित हो चुका है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज ने कहा कि कांग्रेस व उनके सहयोगी दल दुनिया की सबसे बड़ी पंचायत का हिस्सा है, उन्हें जनता की आवाज उठानी चाहिए। अपने स्वार्थ के चलते वह संसद का कीमती वक्त बर्बाद कर रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसद अपना दायित्व नहीं निभा रहे। जब चुनाव आयोग ने बीएलए की व्यवस्था की है तो अपनी पार्टी के इन पदों को सक्रिय कर वाटर लिस्ट बनाने में मदद करनी चाहिऐं। अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि जो भारत में जन्मा नहीं, उसे वोट देने का अधिकार नहीं। घुसपैठिए इन लोगों के वोट बैंक हैं। इसलिए इनको परेशानी है। पंकज मेहता ने कहा कि चुनाव आयोग पर आरोप लगाए जा रहे हैं, इससे अच्छा है कि बिहार में होने वाली हार का सामना करें, क्योंकि वहां पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। मेहता ने कहा कि बांग्लादेश से आकर युवा बिहार में वहां के युवाओं की नौकरी निगल रहे हैं, उनके अधिकारी छीन रहे हैं, कांग्रेस उनको बचाना चाहती है, यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा।

जन्माष्टमी महोत्सव 16 को

कोटा, (निसं)। किशोरपुरा स्थित इस्कॉन केंद्र गोविंदधाम में इस वर्ष जन्माष्टमी महोत्सव अत्यंत धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस्कॉन केंद्र के सह-व्यवस्थापक मायापुरवासी प्रभु ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को होगा, जिसमें बच्चों के लिए चित्रकला और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस्कॉन द्वारा संचालित गुरुकुल के छात्र भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित नाटिका प्रस्तुत करेंगे तथा गीता के श्लोकों का सस्वर उच्चारण करेंगे। संध्या आरती के बाद भगवान का अभिषेक प्रारंभ होगा और मध्यरात्रि में महाअभिषेक एवं महाआरती के साथ उत्सव अपने चरम पर पहुंचेगा। इस अवसर पर सभी दर्शनार्थियों के लिए दिनभर प्रसाद वितरण किया जाएगा। मायापुरवासी प्रभु ने बताया कि इस पावन अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे, साथ ही नगर के अनेक गणमान्यजन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

जनआधार एप्लीकेशन 2.0 का फीडबैक लिया

कोटा, (निसं)। राजस्थान जन आधार प्राधिकरण के सहायक निदेशक डॉ.सुरज्ञान डिडेल ने जिला स्तरीय जन आधार हैल्पडेस्क एवं ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय लाड़पुरा, सुल्तानपुर एवं इटावा का निरीक्षण किया और राज्य सरकार द्वारा लागू जन आधार एप्लीकेशन 2.0 का फीडबैक लिया। डॉ.डिडेल ने बताया कि राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित डीबीटी योजनाओं में मुख्यतः सामाजिक सुरक्षा पेंशन, छात्रवृति, वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा सहित समस्त योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए जन आधार कार्ड का होना आवश्यक है, इसलिए जन आधार से संबंधित कार्यों को त्रुटिरहित एवं त्वरित गति से समाधान कर पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाया जाए।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2025/285 दिनांकः-25.7.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास संख्या 634 गणेश नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 908 दिनांक 15.09.1994 को श्री जम्बू कुमार जैन पुत्र श्री नन्द लाल जैन के नाम आवंटन किया गया था। श्री जम्बू कुमार जैन पुत्र श्री नन्द लाल जैन द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती चन्द्रकला शर्मा पत्नी श्री श्याम लाल शर्मा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.03.2025 को श्री वेद प्रकाश गौतम पुत्र श्री रामस्वरुप गौतम को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री वेद प्रकाश गौतम पुत्र श्री रामस्वरुप गौतम द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 634 गणेश नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री वेद प्रकाश गौतम पुत्र श्री रामस्वरुप गौतम के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कार्यालय नगर परिषद बारां

nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक :-नपबा/राजस्व शाखा/2025/3770-72 दिनांक :- 11.08.2025

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बारां डोल मैला वर्ष 2025 के लिये अस्थाई साईकिल स्टेण्ड के लिये खुली निलामी बोली करवाई जायेगी।

अतः बोली में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ठेकेदार निर्धारित दिनांक 19.08.2025 समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अमानत राशि जमा करा कर दोपहर 03:00 बजे से नगर परिषद कार्यालय में उपस्थित होकर निलामी बोली में भाग ले सकते है।

क.सं	कार्य का नाम	निलामी दिनांक	धरोहर राशि
1	पार्किंग स्थल – भाईजान के मकान के सामने पुराना गाडी अडडा एवं ओढपुरा बस्ती सरकारी स्कूल के सामने खाली स्थान पर एवं पीछे तालाब की पाल पर साईकिल स्टेण्ड ठेका	19.08.2025	40,000/-
2	पार्किंग स्थल – तालाब की पाल जमातखाने के पीछे मांगरोल रोड़ एवं रंगमंच के सामने नयापुरा पुलिया के पास साईकिल स्टेण्ड ठेका	19.08.2025	40,000/-
3.	पार्किंग स्थल– फल मण्डी के सामने तालाब की पाल पर चौपहिया वाहन व समशान घाट के सामने तालाब की पाल पर दुपहिया वाहन	19.08.2025	40,000/-

नोट :- ठेके से संबंधित शर्ते एवं साईकिल स्टेण्ड स्थल नक्शा किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय हजा में देखी जा सकती है।
1. UBN-DLB2526SSOB14232
2. UBN-DLB2526SSOB14233
3. UBN-DLB2526SSOB14252

राज.संवाद/सी/25/7983 आयुक्त

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार हंसराज मीणा पुत्र श्री रामप्रसाद मीणा आयु 63 वर्ष जाति मीणा निवासी 138, कुम्हारों का मोहल्ला, बम्बोरी कोटा के पुत्र जितेन्द्र मीणा पुत्र हंसराज मीणा आयु 35 वर्ष निवासी बम्बोरी तह. दीगोद जिला कोटा हाल डी-17, गुरूनानक हाईट्स, राधिका रिसोर्ट के पीछे, थेकडा रोड, कोटा एवं उसकी पत्नी ललिता के द्वारा मेरे पक्षकार की सम्पत्ति को हडपने की नियत से मेरे पक्षकार व उनकी पत्नी व अन्य परिजनों के प्रति निरंतर अनैतिक, क्रूर, और अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है उनके आचरण से व्यथित होकर मेरे पक्षकार जितेन्द्र मीणा व उसकी पत्नि को अपनी जात व जायदाद से बेदखल कर दिया है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था द्वारा मेरे पक्षकार के पुत्र जितेन्द्र मीणा से किसी भी प्रकार का संव्यवहार मेरे पक्षकार की चल या अचल सम्पत्ति के संदर्भ में किया जाता है तो उसका समस्त दायित्व उनका स्वयं का होगा एवं ऐसा संव्यवहार मेरे पक्षकार के विरूद्ध शून्य व निष्प्रभावी होगा। सूचित हों।

भवदीय

दिनांकः 12.08.2025 राकेश श्रृंगी, एडवोकेट, कोटा मो. 7733099373

न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश कोटा राजस्थान
प्रकरण संख्या - CM 60/2025 ई.दी.

श्रीमती विष्णु प्रदा जायसवाल पत्नी स्व. श्री चाँदमल माहुर, उम्र 67 वर्ष, निवासी 147, वल्लभबारी, गुमानपुरा, कोटा (राज.) हाल नि